### एक्सआईएसएस में एलुमिनाई मीट

# देश-विदेश में कार्यरत 168 पूर्व छात्रों ने बीते दिनों को याद किया




**रांची** | एक्सआईएसएस में शनिवार को 'वेन-अ-कासा' एनुअल एलुमिनाई मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश-विदेश के विभिन्न संस्थानों में काम कर रहे 168 एलुमिनाई ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद प्रेयर सॉन्ग और एक्सआईएसएस के अतीत, वर्तमान और भविष्य को दर्शाते हुए उद्घाटन वीडियो दिखाया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह, एक्सआईएसएस गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष फादर अजीत खेस, एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ. जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे, सहायक निदेशक डॉ. प्रदीप केरकेट्टा एसजे, डीन एकेडमिक्स डॉ. अमर एरोन तिग्गा, फाइनेंस ऑफिसर फादर अशोक कंडुलना सहित स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

**बैंड की प्रस्तुति ने जीता दिल:** एलुमिनाई एसोसिएशन के मुंबई चैप्टर के अध्यक्ष अशोक प्रियदर्शी, दिल्ली चैप्टर के अध्यक्ष मुसरत हुसैन व रांची चैप्टर के अध्यक्ष जसबीर सिंह खुराना ने प्रस्तुतियां दी। संध्या कार्यक्रम में राजपूताना राइफल्स बैंड ने प्रस्तुति दी। इस दौरान गीत, नृत्य और नाटक का प्रदर्शन किया गया।

**PRESS:DAINIK BHASKAR**

# विकास नीतियां समावेशी हों: दीपिका

- एक्सआईएसएस में पूर्व छात्र मिलन समारोह 'वेन-अ-कासा' आयोजित
- देश-विदेशों के संस्थानों में काम कर रहे 168 पूर्व छात्रों ने हिस्सा लिया

रांची, **विशेष संवाददाता।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) में शनिवार को पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह वेन-अ-कासा, का आयोजन किया गया। इसमें देश-विदेशों के विभिन्न संस्थानों में काम कर रहे 168 पूर्ववर्ती छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने संबोधित किया। कहा, मेरा काम यहां सिखाए गए कई सिद्धांतों से निर्देशित है। ये सिद्धांत समानता, सशक्तिकरण और भागीदारी के हैं। हमारी विकास नीतियां ऊपर से नीचे के दृष्टिकोण से तय नहीं होनी चाहिए, बल्कि समावेशी, टिकाऊ व जन-केंद्रित होनी चाहिए। कहा एक्सआईएसएस ने मुझमें यह समझ पैदा की है कि विकास दान नहीं, अधिकार है।

एक्सआईएसएस शासी निकाय के अध्यक्ष फादर अजीत खेस, निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर, सहायक निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा, डीन अकादमिक डॉ अमर एरोन तिग्गा, वित्त पदाधिकारी फादर अशोक कंडुलना सभी शिक्षक, कर्मी व छात्र मौजूद थे।

फादर अजित खेस ने एलुमनाई को एक्सआईएसएस के नए युनिवर्सिटी कैंपस के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। निदेशक डॉ जोसफ ने एक्सआईएसएस के 70 वर्ष पूरे करने के यात्रा बताई। कार्यक्रम में एलुमनाई एसोसिएशन के विभिन्न शहरों के अध्यक्षों, मुंबई चैप्टर के अध्यक्ष अशोक प्रियदर्शी, दिल्ली के अध्यक्ष मुसरत हुसैन व रांची के अध्यक्ष जसबीर सिंह खुराना ने प्रस्तुतियां दीं।

**PRESS:HINDUSTAN**

# 'समावेशी, टिकाऊ व जन-केंद्रित होनी चाहिए नीतियां'

## एक्सआइएसएस के 'वेन अ कासा, द एलुमिनाई मनाई मीट' में **देश-विदेश** के संस्थानों में कार्यरत एलुमिनाई हुए शामिल

- अतीत, वर्तमान व भविष्य को दर्शाते हुए दिखाया गया वीडियो
- मंत्री दीपिका सिंह ने कहा- यहां सीखने को मिले कई सिद्धांत

**जागरण संवाददाता, रांची :** जेवियर इंस्टीट्यूट आफ सोशल सर्विस (एक्सआइएसएस) में वेन अ कासा, द एनुअल एलुमिनाई मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों और विदेशों के विभिन्न संस्थानों में काम कर रहे 168 एलुमिनाई ने हिस्सा लिया। यह अतीत, वर्तमान और भविष्य को फिर से देखने, याद करने, फिर से जीने, फिर से परिभाषित करने और नवीनीकृत करने का क्षण था। दीप प्रज्वलन के बाद प्रेयर सांग और एक्सआइएसएस के अतीत, वर्तमान और भविष्य को दर्शाते हुए वीडियो दिखाया गया।

इस अवसर पर झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा मेरा काम यहां सिखाए गए कई सिद्धांतों पर आधारित है। ये सिद्धांत समानता, सशक्तीकरण और भागीदारी के हैं। हमारी विकास नीतियां ऊपर से नीचे के दृष्टिकोण से तय नहीं होनी चाहिए, बल्कि समावेशी, टिकाऊ और जन-केंद्रित होनी चाहिए।

एक्सआइएसएस ने मुझमें यह समझ पैदा की है कि विकास दान नहीं, अधिकार है। कार्यक्रम में फा. अजित खेस ने सभी एलुमिनाई को नए युनिवर्सिटी कैंपस के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा, 'आपकी उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी।' संस्थान के भविष्य को आकार देने में आपकी भागीदारी की आशा करते हैं।

**ये रहे उपस्थित :** उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, एक्सआइएसएस गवर्निंग बाडी के अध्यक्ष फा. अजीत खेस, एक्सआइएसएस के निदेशक डा. जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे, सहायक निदेशक डा. प्रदीप केरकेट्टा एसजे, डीन एकेडमिक्स डा. अमर एरोन तिग्गा, फाइनेंस अफसर फा. अशोक कंडुलना सहित एक्सआइएसएस के अध्यक्ष, फैकल्टी, कर्मचारी और संस्थान के स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।




एलुमनाई मीट में पूर्व छात्र को सम्मानित करती अतिथि • जागरण




एक्सआइएसएस के 'वेन-अ-कासा – द एलुमनाई मीट' में प्रस्तुति देते विद्यार्थी • जागरण

### स्वामित्व और अपनेपन की भावना को दिया बढ़ावा

एक्सआइएसएस के निदेशक ने वेन अ कासा को एलुमिनाई के स्वामित्व और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने का कार्यक्रम बताया। उन्होंने पूर्व छात्रों को अपने अल्मा मेटर में लौटने पर गर्व और कृतज्ञता व्यक्त की और एक्सआइएसएस के 70 वर्ष पूरे करने की यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने संस्थान के दुका से बानी से रूपिड दुनिया में परिवर्तन के बारे में बात की। एक्सआइएसएस के दृष्टिकोण को भी साझा करते एक नए परिसर की योजना और एक युनिवर्सिटी बनने के लक्ष्य को साझा किया।

### द अनटोल्ड स्टोरी आफ लीडर्स पुस्तक का किया विमोचन

कार्यक्रम में एलुम्निाई एसोसिएशन के विभिन्न शहरों के अध्यक्षों, मुंबई चैप्टर के अध्यक्ष अशोक प्रियदर्शी, दिल्ली चैप्टर के अध्यक्ष मुसरत हुसैन और रांची चैप्टर के अध्यक्ष जसबीर सिंह खुराना ने प्रस्तुतियां दीं। पीजीडीएम पीएम और पीजीडीएम आरडी के रजत जयंती बैचों की उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शाम को राजपूताना राइफल्स बैंड की विशेष प्रस्तुति हुई। स्टूडेंट्स और एलुमिनाई ने विभिन्न गीत, नृत्य और नाटक का प्रदर्शन दिया। अतिथियों ने द अनटोल्ड स्टोरी आफ लीडर्स पुस्तक का विमोचन किया गया।

**PRESS:DAINIK JAGRAN**

# एक्सआईएसएस में एलुमनाई मीट का भव्य आयोजन




शिक्षा प्रतिनिधि द्वारा

रांची : जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची में 8 फरवरी 2025 को को दानुअल एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के विभिन्न हिस्सों और विदेशों के विभिन्न संस्थानों में काम कर रहे 168 एलुमनाई ने हिस्सा लिया। यह अतीत, वर्तमान और भविष्य को फिर से देखने, याद करने, फिर से जीने, फिर से परिभाषित करने और नवीनीकृत करने का क्षण था। कार्यक्रम को सफल बनाने में मारुति सुजुकी, एनएचपीसी, यूफ्लेक्स, सीसीएल, पीडीयूएन, कोको-कोला, लास्ट माइल केयर, लीड्स, एसडीएम, एएक्सआईएसएस दिल्ली एनसीआर ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद प्रेयर सॉन्ग और एक्सआईएसएस के अतीत, वर्तमान और भविष्य को दर्शाते हुए उद्घाटन वीडियो दिखाया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह, एक्सआईएसएस गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष फादर अजीत खेस, एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे, सहायक निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, डीन एकेडमिक्स डॉ अमर एरोन तिग्गा, फाइनेंस ऑफिसर फादर अशोक कंडुलना सहित एएक्सआईएसएस के अध्यक्ष, फैकल्टी, कर्मचारी और संस्थान के स्टूडेंट्स उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए मंत्री, दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि मेरा काम यहां सीखाई गई कई सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है। वे सिद्धांत समानता, सशक्तिकरण और भागीदारी के हैं। हमारी विकास नीतियां ऊपर से नीचे के दृष्टिकोण से तय नहीं होनी चाहिए, बल्कि समावेशी, टिकाऊ और जन-केंद्रित होनी चाहिए। एक्सआईएसएस ने मुझमें यह समझ पैदा की है कि विकास दान नहीं, अधिकार है। कार्यक्रम में फादर अजीत खेस ने सभी एलुमनाई को एक्सआईएसएस के नए यूनिवर्सिटी कैंपस के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आमंत्रित किया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इसकी शैक्षणिक उत्कृष्टता समय की कसौटी पर खरी उतरे। उन्होंने आगे कहा कि आपकी उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी, और हम इन स्टूडेंट्स को सलाह देने, कैरियर अंतर्दृष्टि साझा करने और संस्थान के भविष्य को आकार देने में आपकी भागीदारी की आशा करते हैं इस विशेष अवसर पर उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए एक्सआईएसएस के निदेशक ने वेन-अ-कासा को एलुमनाई के स्वामित्व और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने का कार्यक्रम बताया। उन्होंने पूर्व छात्रों को अपने अल्मा मेटर में लौटने पर गर्व और कृतज्ञता व्यक्त की और एक्सआईएसएस के 70 वर्ष पूरे करने के यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्थान के युवा (स्वउअ) से बाकी से व्यापक दुनिया में परिवर्तन के बारे में बात की ताकि हम अपनी नैतिकता और जेसुइट मूल्यों को बनाए रखते हुए भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रह सकें। अंत में उन्होंने एक्सआईएसएस के दृष्टिकोण को भी साझा करते हुए एक नए परिसर की योजना और एक यूनिवर्सिटी बनने का लक्ष्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आगे एलुमनाई एसोसिएशन के विभिन्न शाखों के अध्यक्षों, मुंबई चैप्टर के अध्यक्ष अशोक प्रियदर्शी, दिल्ली चैप्टर के अध्यक्ष मुसरत हुसैन और रांची चैप्टर के अध्यक्ष जसबीर सिंह खुराना ने प्रस्तुतियां दीं। पीजीडीएम पीएम और पीजीडीएम आरडी के रजत जयंती बैचों की उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए एकसम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर शाम को राजपूताना सहफल्या बैंड की विशेष प्रस्तुति का आयोजन किया गया। स्टूडेंट्सऔर एलुमनाई ने इस दौरान विभिन्न गीत, नृत्य और नाटक का प्रदर्शन दिया। इसके साथ ही अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने पुस्तक का विमोचन किया गया। अंत में सभी एलुमनाई के लिए, सम्मान समारोह को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के कार्यकारी अधिकारी और सीएचआरओ श्री सलिल लाल, एनएचपीसी के निदेशक कार्मिक श्री उत्तम लाल, यूफ्लेक्स लिमिटेड के श्री चंदन चट्टराज, लास्ट माइल केयर की सुश्री पूजा जयसवाल, सीईओ, संवेदना डेवलपमेंट सोसाइटी के श्री विकास कुमार साहू और लीड्स के प्रबंध ट्रस्टी, संस्थापक और निदेशक श्री एके सिंह, श्री मुसरत हुसैन (अध्यक्ष, एएक्सआईएसएस दिल्ली एनसीआर), श्री जियाउर रहमान (मानव संसाधन प्रमुख, पीडीयूएन), श्री कमलेश सिंह (कोका कोला), श्री सूरज छेत्री (वीपी, मानव संसाधन प्रमुख, एचसीएल), और श्री जसबीर सिंह खुराना भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे थे।

**PRESS:KHABAR AAJTAK**




**मेरा काम एक्सआईएसएस में सीखाई गई समानता, सशक्तिकरण और भागीदारी जैसे कई सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है : दीपिका पांडे सिंह ( मंत्री )**

राची, झारखण्ड | फरवरी | 08, 2025 ::
एक्सआईएसएस के 'वेन-अ-कासा' – द एलुमनाई मीट में देश-विदेश के संस्थानों में कार्यरत एलुमनाई हुए शामिल

जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची में 8 फरवरी 2025 को 'वेन-अ-कासा' – द एनुअल एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के विभिन्न हिस्सों और विदेशों के विभिन्न संस्थानों में काम कर रहे 168 एलुमनाई ने हिस्सा लिया। यह अतीत, वर्तमान और भविष्य को फिर से देखने, याद करने, फिर से जीने, फिर से परिभाषित करने और नवीनीकृत करने का क्षण था। कार्यक्रम को सफल बनाने में मारुति सुजुकी, एनएचपीसी, यूफ्लेक्स, सीसीएल, पीवीयूएन, कोको-कोला, लास्ट माइल केयर, लीड्स, एसडीएस,

कोला, लास्ट माइल केयर, लीड्स, एसडीएस, एएएक्सआईएसएस दिल्ली एनसीआर ने अहम भूमिका निभाई।
कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद प्रेयर सॉग और एक्सआईएसएस के अतीत, वर्तमान और भविष्य को दर्शाते हुए उद्घाटन वीडियो दिखाया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रुप से झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह, एक्सआईएसएस गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष फादर अजीत खेस, एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे, सहायक

निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, डीन एकेडमिक्स डॉ अमर एरोन तिग्गा, फाइनेंस ऑफिसर फादर अशोक कंडुलना सहित एएक्सआईएसएस के अध्यक्ष, फैकल्टी, कर्मचारी और संस्थान के स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।
इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए मंत्री, दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि मेरा काम यहां सीखाई गई कई सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है। ये सिद्धांत समानता, सशक्तिकरण और भागीदारी के है। हमारी विकास नीतियां ऊपर से नीचे के दृष्टिकोण से तय नहीं होनी चाहिए, बल्कि समावेशी, टिकाऊ और जन-केंद्रित होनी चाहिए। एक्सआईएसएस ने मुझमें यह समझ पैदा की है कि विकास दान नहीं, अधिकार है।
कार्यक्रम में फादर अजित खेस ने सभी एलुमनाई को एक्सआईएसएस के नए युनिवर्सिटी कैंपस के निर्माण में

एक्सआईएसएस के नए युनिवर्सिटी कैंपस के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आमंत्रित किया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इसकी शैक्षणिक उत्कृष्टता समय की कसौटी पर खरी उतरे। उन्होंने आगे कहा कि आपकी उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी, और हम इन स्टूडेंट्स को सलाह देने, कैरियर अंतर्दृष्टि साझा करने और संस्थान के भविष्य को आकार

देने में आपकी भागीदारी की आशा करते हैं।
इस विशेष अवसर पर उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए एक्सआईएसएस क निदेशक ने वेन-अ-कासा को एलुमनाई के स्वामित्व और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने का कार्यक्रम बताया। उन्होंने पूर्व छात्रों को अपने अल्मा मेटर में लौटने पर गर्व और कृतज्ञता व्यक्त की और एक्सआईएसएस के 70 वर्ष पूरे करने के यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्थान के वुका (VUCA) से बानी (BANI) से रुपिड (RUPID) दुनिया में परिवर्तन के बारे में बात की ताकि हम अपनी नैतिकता और जेसुइट मूल्यों को बनाए रखते हुए भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रह सके। अंत में उन्होंने एक्सआईएसएस के दृष्टिकोण को भी साझा करते हुए एक नए परिसर की योजना और एक युनिवर्सिटी बनने का लक्ष्य पर प्रकाश डाला।
कार्यक्रम में आगे एलुमनाई एसोसिएशन के विभिन्न शहरों के अध्यक्षों, मुंबई चैप्टर के अध्यक्ष अशोक प्रियदर्शी, दिल्ली चैप्टर के अध्यक्ष मुसरत हुसैन और रांची चैप्टर के अध्यक्ष जसबीर सिंह खुराना ने प्रस्तुतियां

रांची चैप्टर के अध्यक्ष जसबीर सिंह खुराना ने प्रस्तुतियां दीं। पीजीडीएम पीएम और पीजीडीएम आरडी के रजत जयंती बैचों की उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए एक

सम्मान समारोह आयोजित किया गया।
इस विशोष अवसर पर शाम को राजपूताना राइफल्स बैंड की विशेष प्रस्तुति का आयोजन किया गया।
स्टूडेंट्स और एलुमनाई ने इस दौरन विभिन्न गीत, नृत्य और नाटक का प्रदर्शन दिया। इसके साथ ही अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ लीडर्स' पुस्तक का विमोचन किया गया। अंत में सभी एलुमनाई के लिए सम्मान समारोह को आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में मारुती सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के कार्यकारी अधिकारी और सीएचआरओ श्री सलिल लाल, एनएचपीसी के निदेशक कार्मिक श्री उत्तम लाल, यूफ्लेक्स लिमिटेड के श्री चंदन चट्टराज, लास्ट माइल केयर की सुश्री पूजा जयसवाल, सीईओ, संवेदना डेवलपमेंट सोसाइटी के श्री विकास कुमार साहू और लीड्स के प्रबंध ट्रस्टी, संस्थापक और निदेशक श्री एके सिंह, श्री मुसरत हुसैन (अध्यक्ष, एएएक्सआईएसएस दिल्ली एनसीआर), श्री जियाउर रहमान (मानव संसाधन प्रमुख, पीवीयूएन), श्री कमलेश सिंह (कोको कोला), श्री सूरज छेत्री (वीपी, मानव संसाधन प्रमुख, एयरबस), और श्री जसबीर सिंह खुराना भी मुख्य रुप से उपस्थित रहे थे।

**PRESS:NEWSROOM**